SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 13 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-220

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दोबारा सशक्त सरकार बनाएं : शाह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार को मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान कर दोबारा सशक्त सरकार बनाने में मदद करने का आग्रह किया। लोकसभा के छठे चरण के तहत सात राज्यों की 59 लोकसभा सीटों पर मतदान जारी हैं। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि वर्तमान में केंद्र की भाजपा सरकार ने देश को गौरवान्वित किया है और इसे वंशवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से मुक्त कर दिया है। शाह ने कहा कि प्रत्येक वोट से भारत की छवि आतंकवाद से पीड़ित देश से बदलकर ऐसे देश की हो गई है जिससे अब उसके दुश्मन भयभीत हैं। सात चरणों वाले मतदान का यह छठा चरण है। अंतिम चरण का मतदान 19 मई को तथा मतगणना 23 मई को होगी।

### राजीव गांधी पर आरोप लगाना दुर्बलता का प्रतीक : सिंधिया

**ग्वालियर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के गुना संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि दिवंगत राजीव गांधी पर लांछन लगाना उनकी दुर्बलता को प्रकट करता है। मतदान करने के बाद जब सिंधिया से संवाददाताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा, बड़ी खेद की बात है कि प्रधानमंत्री होते हुए भी वह दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री पर लांछन लगा रहे हैं। जो पार्टी हमारे धर्म की बात करती है, वह दिवंगत पर आरोप लगा रही है, यह दुर्बलता को ही प्रकट करती है। सिंधिया ने एक सवाल के जवाब में कहा, इस चुनाव में सत्य की जीत होगी, एक प्रगतिशील और विकास कारक यूपीए की सरकार बनेगी। राज्य के तीसरे चरण के चुनाव में आठ संसदीय क्षेत्रों पर रविवार को मतदान जारी है। पिछले दो चरणों में राज्य की 13 सीटों पर मतदान हो चुका है। वहीं चौथे चरण में 19 मई को शेष आठ सीटों पर मतदान होगा।

### अधिक से अधिक संख्या में करें मतदान करें : मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतंत्र के महापर्व में लोगों से बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि छठे चरण के मतदान के दौरान लोग अधिक से अधिक संख्या में घरों से बाहर निकलें और वोट डालें। मोदी ने ट्वीट किया,लोकसभा चुनाव का एक और चरण आ गया है। जिन लोगों के लोकसभा क्षेत्रों में आज मतदान हो रहा है, मैं उन सभी से घरों से बाहर निकलकर मतदान करने की अपील करता हूं। मुझे आशा है कि हमारे नौजवान दोस्त रिकॉर्ड संख्या में वोट देने के लिए आयेंगे। उनकी भागीदारी से मतदान और विशेष बन जायेगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में सात राज्यों में 59 सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान आज सुबह सात बजे शुरू हो गया। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार, मध्य प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात और झारखंड की चार सीटों के लिए मतदान हो रहा है। इसके साथ ही त्रिपुरा की पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट के 168 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हो रहा है।

### शोपियां में सेना को बड़ी सफलता, लश्कर-ए तैयबा के दो वांटेड आतंकी किए ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। मिली खबर के अनुसार सुरक्षा बलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के हिन्दसीतापुर इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद 34 राष्ट्रीय रायफल्स, एसओजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरु कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ गोलाबारी की।

## छठे चरण में 7 राज्यों की 59 लोकसभा सीटों के लिए मतदान, कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में सात राज्यों में 59 सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान आज सुबह सात बजे शुरू हो गया। इसके साथ ही त्रिपुरा की पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट के 168 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हो रहा है। इस सीट के लिए 11 अप्रैल को मतदान हुआ था लेकिन विपक्षी दलों ने धांधली होने का आरोप लगाते हुए चुनाव रद्द करने की मांग की थी।

आरएनएस के अनुसार इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार, मध्य प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात और झारखंड की चार सीटों के लिए मतदान हो रहा है। शाम छह बजे तक चलने वाले मतदान के लिए कुल एक लाख 13 हजार 167 मतदान केंद्र बनाए गये हैं जिन पर 10,17,82,472 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इनमें 5,42,60,965 पुरुष, 4,75,18,226 महिलाएं और 3,281 किन्नर मतदाता हैं। इस चरण में कुल 979 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

छठे चरण में चार मुख्यमंत्रियों तथा कुछ केंद्रीय मंत्रियों साहित कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित, भोपाल सीट से मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तथा सोनीपत सीट से हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा कांग्रेस के टिकट पर और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आजमगढ़ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय मंत्री मेनका गाँधी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से, डॉ. हर्षवर्द्धन दिल्ली के चाँदनी चौक से, राधा मोहन सिंह बिहार के पूर्वी चम्पारण से, नरेंद्र सिंह तोमर मध्य प्रदेश के मुरैना और राव इंद्रजीत सिंह हरियाणा की गुड़गाँव सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड रहे हैं।इस चरण के अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा की साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर भोपाल सीट पर दिग्विजय सिंह को, भाजपा के मनोज तिवारी उत्तर-पूर्वी दिल्ली से शीला दीक्षित को, भाजपा के दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ आजमगढ़ से अखिलेश यादव को और कांग्रेस के जे.पी. अग्रवाल डॉ. हर्षवर्द्धन को चाँदनी चौक सीट पर टक्कर दे रहे हैं।

## वोटिंग के लिए बुर्के में आ रही महिलाओं की पहचान की जाएं

### » चुनाव आयोग का बड़ा निर्देश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए मतदान जोरों पर चल रहा है। मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में हिंसा की घटनाएं भी सामने आ रही है। मतदान करने के लिए बुर्के में आ रही महिलाओं को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा निर्देश जारी किया है। आयोग ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के दौरान जो महिलाएं बुर्के में आ रही है उनकी पहचान को सुनिश्चित किया जाए। दरअसल, संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी रत्नेश सिंह ने केंद्रीय चुनाव आयोग को 8 मई को एक पत्र लिखाकर कहा था कि पर्दे में वोट देने आ रही महिलाओं की पहचान की सुनिश्चित की जानी चाहिए। आरएनएस के अनुसार चुनाव आयोग ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जो महिलाएं बुर्का पहनकर वोट डालने आ रही हैं उनकी पहचान को सुनिश्चित किया जाए और निर्देशों का पालन किया जाए। इसके साथ ही जिन बूथ पर अधिक पर्दानशी महिलाएं आती हैं वहां पर महिला पुलिस कॉन्स्टेबल के अलावा महिला पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाए। जिससे कि इन महिलाओं की पहचान करने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो।

## लोकसभा चुनाव 2019: छठे चरण के मतदान में दिग्गजों ने डाले वोट







लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण का मतदान जारी है। देश के 7 राज्यों की 59 सीटों पर लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने निकले हैं। इनमें कई दिग्गज नेता और सिलेब्रिटीज भी शामिल हैं। रविवार सुबह राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्वी दिल्ली से बीजेपी प्रत्याशी गौतम गंभीर, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली समेत कई शख्सियतों ने वोट डाले।

देश के पहले नागरिक भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में बने पोलिंग बूथ में अपना वोट डाला।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने औरंगजेब लेन में वोट डाला।

यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिल्ली में निर्माण भवन में वोट डाला।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सिविल लाइन्स में वोट डाला।

## ट्रेन के सामने कूदकर दंपत्ति ने की आत्महत्या

**कौशाम्बी(आरएनएस)।** सैनी क्षेत्र में सिराथू पावर हाऊस के पास दिल्ली - हावड़ा रेलवे मार्ग पर ट्रेन के सामने कूदकर एक दम्पत्ति ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार , महिला की गोद में दो वर्षीय बालक छिटककर बाहर गिर गया जो गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। आत्महत्या करने वाले दम्पत्ति की पहचान नहीं हो सकी है।

## टीएमसी-बीजेपी के कार्यकर्ताओं की हत्या, 2 को मारी गोली

### लोकसभा चुनाव



नई दिल्ली ,12 मई (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए आज मतदान हो रहा है। मतदान के दौरान हिंसा होना आम बात हो गई है। आज मतदान शुरु होने से पहले पश्चिम बंगाल में बीजेपी और टीएमसी के कार्यकर्ताओं की हत्या होने की खबर सामने आई है। आरएनएस के अनुसार रविवार सुबह पश्चिम बंगाल के झारग्राम में एक बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या करने की खबर सामने आई है। मृतक की पहचान रामेन सिंह के रुप में हुई है। भाजपा के कार्यकर्ता के अलावा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता का शव भी मिला है। जबकि कल देर रात मिदनापुर में टीएमसी के दो अन्य कार्यकर्ताओं को भी गोली मार दी गई, जिनका तमलुक के अस्पताल में इलाज चल रहा है फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। झारग्राम में कार्यकर्ता की हत्या का आरोप बीजेपी ने तृणमूल पर लगाया है। बीजेपी के अनुसार रामेन की हत्या टीएमसी कार्यकर्ताओं ने की है। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर बताया कि रामेन सिंह पहले से ही बीमार था। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। गौर हो कि आज लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 7 राज्यों की 59 सीटों पर मतदान हो शुरु हो गया है। मतदान के दौरान बंगाल में हिंसा का दौर भी चरम पर पहुंचा हुआ है। यहां लगभग हर चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं होती रहती है। फिर चाहे वह कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हो या फिर पोलिंग बूथ पर ही देसी बम से हमला किया जाना हो, बंगाल में पांचों चरण के दौरान हिंसा लगातार बढ़ती गई है, लेकिन हर बार वोटिंग का प्रतिशत भी ज्यादा ही रहा है। बता दें कि आज लोकसभा चुनाव के छठे चरण में पश्चिम बंगाल की 8 सीटों पर वोटिंग हो रही है। यहां की तामलुक, कांति, घाटल, झारग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा, विष्णुपुर सीटों पर मतदान जारी है।

## जेल जाने के डर से चुनाव में एक हुए 'भ्रष्टाचारी' : योगी



**वाराणसी (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीन दिनों में दूसरी बार वाराणसी में वोट मांगने आये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर हमले किये।

उन्होंने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'भ्रष्टाचारी' जेल जाने के डर से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरे हैं, लेकिन जनता तय कर चुकी है कि उन्हें ईमानदार प्रधानमंत्री चाहिए। श्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोहनिया विधान सभा के काशीपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एवं समाजवादी पार्टी (सपा) गठबंधन और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है कि कैसे श्री मोदी को हराया जाये। पर सच्चाई यह है कि जनता उन्हें श्री मोदी को बतौर गुजरात मुख्यमंत्री करीब 15 साल और प्रधानमंत्री के तौर पर पांच वर्षो से देख रही है। अपने कार्यकाल में उन्होंने किस तरह से भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए 'सब का साथ, सबका विकास' की नीति पर देश को आगे बढ़ाया। पांच वर्षों में देश की जनता उनसे बेहद खुश है और वह 'एक बार फिर मोदी' के नारे लगा रही है।

उन्होंने कहा कि अब तक के चुनाव रुझानों से उन्हें पता चला है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं उसके सहयोगी दल 2014 से भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और श्री मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मजबूत सरकार बनेगी। श्री योगी ने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को डर है कि कहीं फिर श्री मोदी की सरकार बन गई तो भ्रष्टाचारियों को जेल जाना पड़ेगा। इसी वजह से वे घबराये हुए हैं और प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणियां करने से भी बाज नहीं आ रहे। उन्होंने कांगेस घोषणा पत्र के 'न्याय' के नारों की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी जब गरीबों, महिलाओं और किसानों की परवाह नहीं की तो अब अबव उहें न्याय कैसे दिला पाएंगे, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## लोकसभा चुनाव में होगी प्यार की जीत : राहुल



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए और इस बात पर जोर देते हुए कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव की लड़ाई में प्यार फैला रही है, रविवार को कहा कि इस लड़ाई में प्यार की जीत होगी।

राहुल ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में मतदान करने के बाद मीडिया को बताया कि इस चुनाव में तीन-चार मुख्य मुद्दों में बेरोजगारी, कृषि संकट, खराब अर्थव्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे शामिल हैं।

राहुल ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि इस चुनाव में कांग्रेस कितनी सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, इसका फैसला जनता करेगी।

### पैदल चलकर मतदान करने पहुंचे राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए अपने निवास स्थान के समीप बने मतदान केंद्र जाने के लिए पैदल ही निकल गए।

एसपीजी कर्मियों और मीडियाकर्मियों के साथ निकले राहुल ने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में औरंगजेब लेन में बने मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गांधी के साथ कांग्रेस प्रत्याशी अजय माकन भी थे। भाजपा ने नई दिल्ली से चुनावी मैदान में सांसद मीनाक्षी लेखी और आप ने ब्रिजेश गोयल को उतारा है।

## बीच सड़क पर सपा उम्मीदवार से भिड़ी मेनका गांधी

### » मतदाताओं को धमकाने का लगाया आरोप




**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने सपा-बसपा गठबंधन के उम्मीदवार चन्द्रभद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस दौरान सुल्तानपुर में बीच सड़क पर दोनों प्रत्याशियों के बीच तीखी बहस भी हो गई।

सुल्तानपुर के एक बूथ पर गठबंधन उम्मीदवार सोनू सिंह और केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के बीच बहस हो गई। बूथ पर पहुंची मेनका ने सोनू सिंह से कहा कि यहां दबंगई नहीं चलेगी। इसके बाद वहां मौजूद सोनू सिंह ने अपने समर्थकों को पीछे जाने को कहा। मेनका गांधी मतदान के दौरान आज पोलिंग बूथ पर जाकर जायजा ले रही हैं, इस दौरान रास्ते में उनकी गठबंधन प्रत्याशी से बहस भी हुई। मेनका और सोनू सिंह की गाड़ी जब आमने-सामने आई, तो दोनों प्रत्याशियों के बीच जमकर तू-तू-मैं-मैं हुई। मेनका गांधी ने आरोप लगाया कि सोनू सिंह के समर्थक वोटरों को डरा धमकाकर अपने पक्ष में वोट करवा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सोनू सिंह के साथी कई बूथों पर खड़े हैं और मतदाताओं पर दबाव बना रहे हैं।

गठबंधन के उम्मीदवार सोनू सिंह ने आरोप को नकारते हुए कहा, हमारा कोई समर्थक किसी को नहीं डरा रहा है, अगर समर्थक की बात करेंगे तो पूरा गांव ही हमारा समर्थक है। उन्होंने कहा कि इस गांव में उनका कोई वोटर ही नहीं है, ऐसे में वह कैसे ये आरोप लगा सकती हैं। उधर भाजपा विधायक सूर्यभान सिंह ने भी सुरक्षा-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

## मेक्सिको में सामूहिक कब्र से 35 शव मिले



**ग्वाडलहारा।** मेक्सिको के हिंसा प्रभावित जलिस्को राज्य में सामूहिक कब्रों से 35 लोगों के अवशेष मिले हैं। अभियोजक जी ओ सोलिस ने शनिवार को बताया कि ज्यादातर शव जपोपन शहर के एक खेत में थे। सोलिस ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मृतकों में से 27 की जब हत्या की गई थी तब उन्हें बांध दिया गया था। हम अब तक 2 लोगों की पहचान कर पाएं हैं। उन्होंने मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा जताया है। सोलिस ने बताया कि हमने 3 मीटर और गहराई में खुदाई करना शुरू की है। उन्होंने बताया कि ग्वाडलहारा में एक घर के परिसर से सात अन्य लोगों की खोपड़ियां और अन्य मानव अवशेष मिले हैं। 2006 के अंत में मादक पदार्थ तस्करों और मेक्सिको के संघीय सैनिकों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से 40,000 लोग लापता हैं और उनके बारे में मान लिया गया है कि वह मर चुके हैं। 2006 से अब तक मेक्सिको के इस हिंसा प्रभावित इलाके में ढाई लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी डेटा ने भी इस आंकड़े की पुष्टि की है। हालांकि, सरकारी डेटा में यह जानकारी नहीं दी गई है कि इनमें से कितने लोगों की मौत सुनियोजित अपराधों के कारण हुई है। इस साल ही जनवरी से मार्च के महीने में इस इलाके में 750 से अधिक मौत हो चुकी है।

## संपादकीय

# अफवाहों पर नकेल

इंटरनेट तक सहज पहुंच व मोबाइल क्रांति के बाद सोशल मीडिया में फर्जी खबरों के उफान ने पूरी दुनिया को परेशान किया है। लचर कानून और सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों की मनमानी ने इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था के न होने से एक किस्म की अराजकता डिजिटल मीडिया की दुनिया में आ गई। इस पर अंकुश?लगाने की कोशिश पूरी दुनिया में हो रही है। अब सिंगापुर की संसद ने फर्जी खबरों को रोकने का कानून पास कर इसे अपराध की श्रेणी में ला दिया है। यदि कोई व्यक्ति फर्जी खबरों के लिये दोषी पाया जाता है तो कंपनी पर एक मिलियन डॉलर का जुर्माना और दोषी व्यक्ति को दस साल तक की सजा हो सकती है। बुधवार को सिंगापुर की संसद में पारित कानून में कानून मंत्री को अधिकार होगा कि वह सोशल मीडिया साइटों पर झूठी पोस्टों के बाबत चेतावनी दे सकें। यदि झूठी पोस्ट सिंगापुर के हितों का अतिक्रमण करती पायी गई तो सरकार कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। सिंगापुर की संसद में बहुमत से पारित 'ऑनलाइन फाल्सहुड एंड मैनीपुलेशन बिल' को विपक्षी दल व मानवाधिकार कार्यकर्ता अभिव्यक्ति का गला घोंटने का प्रयास बता रहे हैं। उनका मानना है कि यह कानून विचारों के स्वतंत्र प्रवाह में बाधक बनेगा। कानून के अनुसार ऑनलाइन मीडिया कंपनी को सरकार के अनुसार बतायी गई गलत सूचना को सुधारने व हटाने का मौका दिया जायेगा। वैसे तो मलेशिया दुनिया में ऐसा पहला देश था जहां फर्जी खबरों को रोकने के लिये कानून बनाया गया। लेकिन अगस्त 2018 में महातिर मोहम्मद की सरकार बनने के बाद कानून वापस ले लिया गया। गाहे-बगाहे कई देशों में इस तरह के कानून बनाने की मांग उठ रही है। दरअसल, इस समस्या से यूरोपीय देश भी खासे परेशान हैं।

जुलाई 2017 में जर्मन सरकार नफरत फैलाने वाली पोस्टों पर रोक लगाने के लिये एक सख्त कानून लेकर आई?थी, जिसमें भारी जुर्माने का प्रावधान भी?था। जिसमें उल्लेख था कि यदि गैरकानूनी सामग्री समय रहते नहीं हटायी जाती तो सोशल मीडिया कंपनियों पर पांच करोड़ यूरो तक जुर्माना लगाया जा सकता था। इसके अंतर्गत फेसबुक, यूट्यूब व अन्य वेबसाइटों को 24 घंटे के भीतर अपने प्लेटफॉर्म से आपत्तिजनक सामग्री हटाना अनिवार्य बनाने का प्रावधान शामिल किया गया। ऐसी पोस्टों का कंपनियों को एक सप्ताह के भीतर मूल्यांकन करना होगा। यह अपनी तरह का दुनिया का सबसे कड़ा क़ानून है। कानून के क्रियान्वयन में विफल रहने पर कंपनी पर पचास लाख यूरो का जुर्माना लगेगा, जिसे पांच करोड़ यूरो तक बढ़ाया जा सकता है। हालांकि लंबे विमर्श?के बाद जर्मन संसद द्वारा पारित कानून को लेकर मानवाधिकार संगठन इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगाने का प्रयास बताते रहे हैं। दरअसल, यह आम धारणा है कि अपने आर्थिक हितों के संरक्षण को प्राथमिकता देने वाले सोशल मीडिया ऑपरेटर बिना राजनीतिक दबाव के कोई कदम नहीं उठाते। भारत भी इसी तरह की समस्या से दो-चार है। यहां भी गैर कानूनी और समाज में विद्वेष फैलाने वाली पोस्ट हटाने में सर्विस ऑपरेटर समय रहते कार्रवाई नहीं करते। जब कोर्ट का दबाव होता है, तभी वे सक्रियता दिखाते हैं। देश में एक समस्या यह भी है कि इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये अलग से कोई सख्त कानून नहीं है। विडंबना यही है कि देश का कानून फेक न्यूज शब्द को परिभाषित ही नहीं करता। सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें पोस्ट करने पर इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी यानी आई. टी. एक्ट के तहत ही कार्रवाई होती है।

# स्पाइसजेट: 15 घंटे में पूरा हुआ बेंगलुरु-दिल्ली के बीच तीन घंटे का हवाई सफर

**नई दिल्ली।** फ्लाइट से यात्रा का समय कई गुना घट जाता है। यह अलग बात है कि हवाई टिकट कई गुना महंगा भी होता है। लेकिन, बेंगलुरु से दिल्ली की हवाई यात्रा के लिए निकले लोगों के साथ कुछ ऐसा हुआ, जिसे वह जीवन भर भूल नहीं पाएंगे। हुआ यह कि दोनों शहरों के बीच तीन घंटे का यह सफर 15 घंटे में पूरा हुआ और यात्रियों पर किराए और वक्त की दोहरी मार पड़ी।



तय समय से पांच गुना वक्त में सफर की यह कहानी स्पाइसजेट से जुड़ी है। शुक्रवार की रात स्पाइसजेट की फ्लाइट स्त्र-8720 बेंगलुरु से सीधे दिल्ली के लिए उड़ी। उसे दोनों शहरों के बीच कहीं रुकना नहीं था, क्योंकि वह नॉन-स्टॉप फ्लाइट थी। लेकिन, रात 10 बजे के नियत समय से बेंगलुरु से उड़ान भरने वाली एसजी-8720 शुक्रवार रात डेढ़ घंटे की देरी से यानी करीब 11:30 बजे उड़ान भर पाई। उसके बाद विमान में आई एक खामी की वजह से फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट कर दिया गया। यात्रियों का कहना है कि उन्हें स्पाइसजेट के इस बोइंग 737 विमान में रातभर बंद रखा गया जब तक कि वैकल्पिक विमान वहां से यात्रियों को लेकर नहीं उड़ा।

### इलाज की नौबत

उसी फ्लाइट से सफर करने वाले एक यात्री ने बताया, (बेंगलुरु से उड़ने के) एक घंटे बाद फ्लाइट नागपुर में उतरी। (स्पाइसजेट ने) उन्होंने हमें छह घंटे तक प्लेन में बंद रखा और फिर एयरपोर्ट के अंदर हम चार घंटे और इंतजार करते रहे। (शनिवार) सुबह 10 बजे उन्होंने हमें नए विमान में बिठाया और उसमें भी हम डेढ़ घंटे बैठे रहे, फिर भी विमान नहीं उड़ा। उन्होंने आगे कहा, मुझे डॉक्टर से इलाज करवाना होगा क्योंकि सबकुछ बहुत तनावपुर्ण रहा है। यात्रियों ने आपा खो दिया और प्लेन से बाहर निकलने की कोशिश करने लगे जिसकी अनुमति नहीं दी गई। स्पाइसजेट का रवैया शुरू से असहयोग का रहा।

### स्पाइसजेट की सफाई

वहीं, स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने इस घटना पर कंपनी की ओर सफाई दी। उसने कहा, बेंगलुरु से दिल्ली के बीच संचालित एसजी- 8720 फ्लाइट तकनीकी समस्या के कारण नागपुर डायवर्ट हो गई। वहां उसकी नॉर्मल लैंडिंग हुई, न कि इमर्जेंसी लैंडिंग। वहां यात्रियों को रिफ्रेशमेंट्स दिए गए और एक वैकल्पिक विमान भेजा गया। वहां से फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हुई।

### ऑफलाइन स्टेशन है नागपुरः स्पाइसजेट

यात्रियों को लंबे समय तक प्लेन में बिठाए रखने की शिकायत के सवाल पर स्पाइसजेट के सूत्रों ने कहा कि नागपुर स्पाइसजेट के लिए ऑफलाइन स्टेशन है। यानी, वहां कंपनी की कोई फ्लाइट नहीं रहती है। एयरलाइंस का कहना है कि ऐसी जगहों पर वैकल्पिक विमान की व्यवस्था करने में कभी-कभार ज्यादा वक्त लग जाता है क्योंकि वहां उनका अपना स्टाफ नहीं होता है।

## तेल कंपनियों ने लगातार चौथे दिन घटाए पेट्रोल, डीजल के दाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम घटाकर उपभोक्ताओं को महंगाई से बड़ी राहत पहुंचाई है। इन चार दिनों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पेट्रोल 1.27 रुपये लीटर सस्ता हो गया है और डीजल के दाम भी 55 पैसे लीटर घट गए हैं। दिल्ली और कोलकाता में रविवार को पेट्रोल के दाम में 42 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई। पेट्रोल के दाम मुंबई में 41 पैसे और चेन्नई में 44 पैसे प्रति लीटर घट गए हैं। वहीं, डीजल के दाम में दिल्ली में 17 पैसे जबकि कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में 18 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के भाव घटकर क्रमश:71.73 रुपये, 73.79 रुपये, 77.34 रुपये और 74.46 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## ट्विटर पर बीजेपी का जलवा, 11 मिलियन फॉलोवर जोड़ने वाली दुनिया की पहली पार्टी बनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गर्मजोशी के साथ एक और मील का पत्थर पार करते हुए ट्विटर पर एक करोड़ 10 लाख (11 मिलियन) से ज्यादा फॉलोवरों को अपने साथ जोड़ लिया। बीजेपी ने दुनिया भर के सभी राजनतिक पार्टियों को पीछे छोड़ ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोवर बना लिए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी से भाजपा के फॉलोवर्स की संख्या दोगुनी हो गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भाजपा वर्ष 2010 में जुड़ी थी। वहीं फरवरी 2013 में ट्विटर पर आई कांग्रेस के पास 50 लाख 14 हजार (5.14) फॉलोवर्स हैं। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को इस की घोषणा करते हुए ट्विटर पर



कहा, हम सभी के लिए यह एक शानदार उपलब्धि है। धन्यवाद। यह जानकारी ऐसे समय में मिली है, जब हाल ही में एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संयुक्त रूप से फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम में 1 अरब 10 करोड़ 91 लाख 26 हजार 4 8 0 (110,912,648 मिलियन) फॉलोवर्स के साथ दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेता बन गए हैं।

## अभी भारत में चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहन के व्यापक इस्तेमाल में समय: ओला

**नई दिल्ली।** एप के जरिए टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली ओला का मानना है कि बिजली से चलने वाले चार पहिया वाहनों के बड़े पैमाने पर बाजार में आने में समय लगेगा। इसलिए कंपनी बिजली से चलने वाले दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों पर अधिक जोर दे रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहा। ओला ने नागपुर में बिजली से चलने वाले चारपहिया वाहनों के साथ एक प्रयोग किया था। कंपनी के मुताबिक इस प्रयोग से मिली समझ से उसे लगता है कि चारपहिया ई-वाहन अभी भारत में बड़े स्तर पर इस्तेमाल के



लिहाज से पूरी तरह तैयार नहीं हैं। कंपनी की योजना इसलिए मार्च, 2020 के आखिर तक भारत की सड़कों पर दस हजार ई-वाहनों (दोपहिया एवं तिपहिया) को उतारने की है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (ओईएम) के सह-संस्थापक आनन्द शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, (नागपुर) से हमें सबसे बड़ा सबक यह मिला कि चारपहिया वाहन अभी तैयार नहीं है। बड़े पैमाने पर ऐसे वाहनों के भारत की सड़कों पर आने में कुछ साल अभी और लगेंगे। शाह के मुताबिक कंपनी ने इस विश्वास को नहीं छोड़ा है कि विद्युतीकरण लंबी अवधि में व्यवहारिक है। ई-परिवहन को लेकर कंपनी की योजना साझा करते हुए शाह ने कहा, हम आने वाले वर्षों में दोपहिया और तिपहिया वाहनों पर जोर दे रहे हैं। नागपुर के अनुभव के बाद हम यह कहने की स्थिति में हैं कि हमें फिलहाल इन्हीं दोनों क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए।

## कोयला खनन की नई परियोजनाओं के विकास में तेजी ला रही एससीसीएल

**नई दिल्ली।** नये ऊर्जा संयंत्रों की ईंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एससीसीएल ने कल्याणी खानी-6 इनक्लाइन ब्लॉक सहित कुछ कोयला खनन परियोजनाओं के विकास की गति को बढ़ा दिया है। कंपनी ने खनन से पहले की गतिविधियों के लिए आशय पत्र आमंत्रित किये है। तेलंगाना में स्थित कल्याणी खानी-6 इनक्लाइन नयी भूमिगत कोयला खनन परियोजना है। इस खान में 1.565 करोड़ टन का कोयला भंडार है जिसे निकाला जा सकता है। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने अपनी वेबसाइट पर खनन पूर्व गतिविधियों और विकास कार्य के लिए आशय पत्र आमंत्रित किया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा है कि आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद तेलंगाना में बिजली की कमी हो गयी है। बिजली की कमी को पूरा करने के लिए तेलंगाना सरकार ने क्षमता में 6,000 मेगावॉट के आसपास की वृद्धि का लक्ष्य तय किया है।

## आज का राशिफल

मेषः- विवाद को बढ़ावा न दें। जहां तक हो सके, यात्रा टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। दुःखद समाचार मिल सकता है।

वृषः- समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पहले की गई मेहनत का फल प्राप्त होगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुनः- भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रभावशाली व्यक्ति यों से संपर्क बन सकता है।

कर्कः- किसी लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

सिंहः- क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। लेन-देन में धोखा खा सकते हैं।

कन्याः- रुका हुआ पैसा मिल सकता है। समाजसेवा कर पाएंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

तुलाः- मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

वृश्चिकः- धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। धार्मिक कार्य पर व्यय हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी। आशंका-कुशंका के चलते कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है।

धनुः- लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कोई पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि हो सकती है।

मकरः- कानूनी अड़चन दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। नए मित्र बनेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

कुंभः- स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

मीनः- बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। नौकरी में कोई नया कार्य कर पाएंगे। संगीत आदि में रुचि रहेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

## मांग सुस्ती से सोना-चांदी में गिरावट

**इंदौर (आरएनएस)।** सप्ताहांत सोने तथा चांदी में ग्राहकी सुधार लिए रही इससे हाजिर भाव मजबूती लिए बताए गए। बीते सप्ताह में सोना 340 रुपये तथा चांदी के भाव में 45 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त दर्ज की गई। कारोबार की शुरुआत में सोना 32480 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार को 32820 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में कारोबार की शुरुआत 37775 रुपये पर हुई वहीं अंतिम दिन चांदी में 37820 रुपये प्रति किलो के स्तर पर सौदे हुए।

## वरिष्ठ अधिकारी को आईपीएल पास मांगने पर सजा मिली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय ड्यूटी पर आए एक वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पास मांगने के कारण वापस अपने विभाग भेज दिया है।





गोपाल कृष्ण गुप्ता को सरकार ने उनके कैडर रेलवे में वापस भेज दिया है।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के मुताबिक, भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर्स के 1987 बैच के गुप्ता नई दिल्ली में नई एवं नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सह-सचिव के पद पर कार्यरत थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति ने उन्हें तत्काल प्रभाव से वापस रेलवे विभाग भेज दिया है।

आदेश में हालांकि किसी खास वजह का जिक्र नहीं है। लेकिन आईएएनएस के पास एक पत्र है, जिसमें गुप्ता के पास मांगने को कारण बताया गया है। गुप्ता ने मार्च में डीडीसीए के अध्यक्ष रजत शर्मा को फोन कर 30 मार्च को हुए मैच के लिए पास मांगे थे। जब डीडीसीए ने उनकी बात नहीं सुनी तो उन्होंने तीन अप्रैल को रजत शर्मा के खिलाफ शिकायत लिखी, जिसमें उन्होंने रजत शर्मा द्वारा मांग पूरी न करने पर निराशा जताई थी।

## कटहल की सब्जी को ऐसे बनाये स्वादिस्ट

### सामग्री

- कटहल -250 ग्राम
- चावल -2 कप
- चीनी 1 कप केसर 1 चुटकी
- काजू 1 कप
- 1 चम्मच इलायची पाउडर
- स्वादनुसार नमक
- अवश्क्तानुसार तेल





### विधि

सबसे पहले कटहल को काट कर इसके बीज निकाल लें। अब एक पैन में पानी और नमक डालकर इसके बीज उबाल लें। अब एक कड़ही में तेल गर्म करें। अब इसमें कटे हुए काजू डालकर हल्का सुनहरा होने तक भूनें। इसके बाद इसमे कटहल डालें अब इलायची, केसर डालकर कुछ देर पकाएं। अब इसमें पानी में भीगे हुए चावल डालें। अब इसमे चुटकीभर नमक डाले। अब इसमें थोड़ा पानी डालकर 10 मिनट तक पकाएं। अब इसमें चीनी और कटहल के उबले बीज डालकर अच्छी तरह मिक्स करे। अब आपकी कटहल की सब्जी बन कर तैयार है इसे गर्मागर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-62

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. बनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (ड.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू- 62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

